केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 281 रविवार 5 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

एक नजर

अध्यापक, अभिभावक संघ गठन के लिये बैठक 17 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। साऊंघाट विकास खण्ड क्षेत्र में स्थित किसान इण्टर कालेज रसूलपुर तरेता में अध्यापक, अभिभावक संघ के गठन हेतु एक बैठक आगामी 17 मई को दिन में 11 बजे विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया है।

यह जानकारी देते हुये प्रधानाचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि बैठक में शैक्षिक विकास पर चर्चा के साथ ही वार्षिक आय–व्यय 2023–24 की पुष्टि और 24–25 सत्र हेतु अभिभावक संघ का गठन किया जायेगा। बताया कि अभिभावकों की बैठक में उपस्थिति हेतु सम्पर्क किया जा रहा है।

कुत्तों के काटने से घायल हिरन की मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

लालगंज (बस्ती)। बनकटी विकास खण्ड क्षेत्र के मेहड़ा – पुरवा गांव में कुत्तों के काटने से घायल हिरन की मौत हो गई।

सूचना पाकर पहुंचे वन विभाग एवं पशुपालन की मोबाइल टीम द्वारा घायल हिरन को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान हिरन की मौत हो गई। मौके पर डा०रविन्द्र यादव,देवी प्रसाद श्रीवास्तव बीट प्रभारी वन विभाग मौजूद रहे।

5 मई को पीएम मोदी अयोध्या में, सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। 5 मई रविवार को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे को लेकर सीमावर्ती जनपद बस्ती को भी अलर्ट पर रखा गया है। कार्यक्रम के 48 घंटे में अयोध्या सीमा पर चेकपोस्ट लगाकर अपराधी, अराजक व राष्ट्रविरोधी तत्वों व संदिग्ध लोगों की तलाशी शुरु करा दी गई है। एसपी के निर्देश पर मातहत पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार से ही मोर्चा संभाल लिया है।

पुलिस की ओर से अयोध्या बॉर्डर पर लगातार चेकिंग शुरु करा दी गई है। इसके साथ ही जल पुलिस के सहयोग से नदी में भी छावनी थानाक्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि रविवार पांच मई को पीएम के विजिट को लेकर अयोध्या बॉर्डर क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आने वाले हर छोटे–बड़े मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस का सख्त पहरा लगाया जाएगा। अयोध्या हाईवे पर हर आने जाने वाले वाहनों व संदिग्धों की तलाशी के निर्देश दे दिए गए हैं। बस्ती पुलिस की ओर से लगातार अयोध्या पुलिस से संपर्क रख सभी तरह की गतिविधियां शेयर की जा रही हैं। बताया कि अभी रूट डायवर्जन का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। होटल, गेस्टहाउस, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।

पीएम के पूर्व के कार्यक्रमों को देखते हुए माना जा रहा है। पीएम के आने से एक दिन पहले ही अयोध्या से सटे सभी जिलों की सीमाओं को सील किया जा सकता है। वहीं जलमार्गों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए पीएसी, जल पुलिस की तैनाती की जा रही है। रविवार की सुबह अयोध्या में प्रवेश प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसके लिए सभी मार्गों पर पूर्व में किए इंतजामों की दोबारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में जजिया कर, गोहत्या की बातें–योगी

लखनऊ (आभा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस मेनिफेस्टो में जजिया (मध्यकालीन भारत में गैर–मुसलमानों पर लगाया जाने वाला कर) और गोहत्या को बढ़ावा देने की बात कही गई है।उन्होंने इसकी तुलना ष्गुलाम बादशाह औरंगजेब के क्रूर शासनष से की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर 'अपने वोट बैंक' को खुश करने के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण लाभों को छीनने की इच्छा रखने का भी आरोप लगाया। गुना लोकसभा क्षेत्र के अशोक नगर कस्बे में भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री ने आस्था को सम्मान देने, गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाने और देश को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की।

आदित्यनाथ ने दावा किया कि आपने औरंगजेब नामक क्रूर मुगल शासक का नाम सुना है। सभ्य मुस्लिम परिवार अपने बच्चों का नाम उसके नाम पर नहीं रखते। उसने जजिया लगाया। यह क्या है । यह विरासत कर है, जिसके बारे में कांग्रेस बात कर रही है। भाजपा नेता ने सभा को बताया कि दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि विरासत का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विरासत के सम्मान के बारे में भूल जाओ, कांग्रेस आपके पूर्वजों की संपत्ति पर कर लगाने की बात कर रही है। राहुल गांधी कहते हैं कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने के बाद वह आपकी संपत्ति का एक्स–रे करेंगे। उसका आधा हिस्सा ले लेंगे और इसे विरासत कर कहा जाएगा क्या आप कभी जजिया देंगे। कोई भी भारतीय इसे स्वीकार नहीं कर सकता। कांग्रेस के घोषणापत्र पर आगे हमला करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के आरक्षण लाभ में कटौती करने और इसे अपने वोट बैंकों को देने की कोशिश करेगी जैसा कि उसने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में किया था।

योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवाद और नक्सलवाद अपने चरम पर था लेकिन अब अगर भारत में कोई पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई के साथ आगे आता है। यह नया भारत है। हम आक्रामक नहीं हैं लेकिन हम उन लोगों को नहीं छोड़ते जो हमारे खिलाफ कदम उठाते हैं।

नेपाल में नोट पर छपे मैप में 3 भारतीय क्षेत्र.!



काठमांडू (आभा)। नेपाल में 100 रुपए के नए नोट छपने वाले हैं। इस पर देश का एक नक्शा भी होगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इस मैप में भारत के वो 3 इलाके भी दिखाए जाएंगे, जिन्हें नेपाल अपना बताता है। इनमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी शामिल हैं। इन इलाकों को लेकर भारत–नेपाल के बीच करीब 34 साल से विवाद है।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई में हुई एक बैठक के दौरान शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कैबिनेट मीटिंग के बाद बताया कि 25 अप्रैल और 2 मई की बैठक में 100 रुपए के नोट को री–डिजाइन करने पर सहमति बनी है।

खास बात यह है कि प्रधानमंत्री प्रचंड ने मार्च में ही नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन तोड़कर सीपीएन–यूएमएल पार्टी के साथ सरकार बनाई। इस पार्टी के लीडर केपी शर्मा ओली हैं, जिन्हें चीन का समर्थक कहा जाता है।

नेपाल ने 18 जून 2020 को देश का नया पॉलिटिकल मैप जारी किया था। इसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इसके लिए नेपाल के संविधान में भी बदलाव किया गया था। भारत सरकार ने नेपाल के इस कदम को एकतरफा बताते हुए इसका विरोध किया था। भारत अब भी इन तीनों इलाकों को अपना क्षेत्र कहता है। दोनों देश, करीब 1850 किमी की सीमा साझा करते हैं। यह भारत के 5 राज्यों– सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से गुजरती है। भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर–पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

नवीन कुमार कांग्रेस विधि विभाग कोआर्डिनेटर बने

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन नितिन मिश्रा की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नवीन कुमार श्रीवास्तव को संतकबीर नगर जनपद के विधि विभाग का लीगल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्हें संतकबीर नगर जनपद के लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का दायिव दिया गया है।

बस्ती विधि विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन कुमार श्रीवास्तव को संतकबीर नगर जनपद के विधि विभाग का लीगल कोआर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव नोमान अहमद, संतकबी नगर जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, अरूण कुमार पाण्डेय, आदर्श मद्धेशिया, अंकुश, प्रिन्स, विजय, रणवीर के साथ ही अनेक अधिवक्ताओं कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

130 प्रत्याशियों में से 36 पर दर्ज हैं आपराधिक मामले, 53 उम्मीदवार करोड़पति

लखनऊ (आभा)। लोकसभा के चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। इस फेज में यूपी की 13 सीटों पर 130 प्रत्याशी मैदान में हैं। यूपी इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने चौथे चरण की सभी उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया है। जिसके मुताबिक 130 में से 36 यानी 28 प्रतिशत उम्मीदवारों के उपर क्रिमिनल केस दर्ज है। सबसे अधिक आपराधिक मामले सपा प्रत्याशियों पर दर्ज हैं। 11 में से 7 प्रत्याशियों के ऊपर अपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि अन्य पार्टियों की बात करें तो बसपा के 13 में से 5, भाजपा के 13 में से 4 , सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के 4 में से 1 और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले हैं।

उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में भारतीय जनता पार्टी के 31:, बहुजन समाज पार्टी के 38 :, समाजवादी पार्टी के 36:, कांग्रेस के 100: सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के 25:, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 33:, उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक कुमार के ऊपर 5 आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं अकबरपुर से भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह अलियास पर 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा धौराहरा से बसपा उम्मीदवार श्याम किशोर अवस्थी हैं। जिन पर 4 आपराधिक केस हैं।

यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव के मुताबिक, करोड़पति उम्मीदवारों की बात करें तो 130 में से 53 यानी 41: उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के 13 में से 13 (100:), बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 10 (77:), समाजवादी पार्टी के 11 में से 10 (91:), कांग्रेस के 2 में से 2 (100:) उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है। मुख्य दलों में भाजपा के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 9 करोड़ है। बहुजन समाज पार्टी के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.67 करोड़ है। समाजवादी पार्टी के 11 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 16.71 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 19 करोड़ है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रत्याशियों में उन्नाव से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही अन्नु टंडन हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 79 करोड़ है। इसी तरह से कन्नौज से चुनाव लड़ रहे अखिलेश यादव संपत्ति 42 करोड़ है। कानपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के पास 35 करोड की संपत्ति है। खीरी निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी की एक उम्मीदवार कुमारी पंचशिला आनंद ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की हैं। वहीं 4 उम्मीदवारों ने अपना पैन घोषित नहीं किया है।

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 130 में से 37 (28:) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 85 (65 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। 1 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 2 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की हैद्य

अगर चौथे चरण में उम्मीदवारों की आयु की बात करें तो 130 में से 46 (35 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 64 (49 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 20 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 16 (12प्रतिशत) महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही है। मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने कहा, इसभी दल महिलाओं को टिकट देने में कंजूसी कर रहे हैं। अब तक के चार चरणों में महिलाओं को टिकट देने में पार्टियों ने रुचि नहीं दिखाई है। इससे यह प्रतीत होता है कि जब भारत की संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास हो गया है ऐसी परिस्थिति में इतने कम टिकटों को देकर राजनैतिक दलों में कहीं न कहीं महिलाओं के प्रति उदासीनता दिखाई देती है।

7 साल में 3 बार दल बदल चुके हैं अरविंदर सिंह लवली

नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा चुनावों के बीच अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के महज 5 दिन वह बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उनके साथ–साथ दिल्ली के 4 अन्य नेताओं ने भी कमल का दामन थाम लिया है। इन चार नेताओं में राजकुमार चौहान, अमित मलिक, नसीब सिंह और नीरद बसोया शामिल हैं। अरविंदर सिंह लवली केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदी में बीजेपी में शामिल हुए। लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया गया था। हालांकि वह इस पद पर केवल 8 महीने ही रह पाए, इसके बाद उन्होंने 28 अप्रैल को पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने इस्तीफे के पीछे आम आदमी पार्टी से गठबंधन और बाहरियों को टिकट दिया जाना वजह बताया था। इसके साथ यह भी आरोप लगाए थे कि दीपक बाबरिया के चलते वह काम नहीं कर पा रहे है। उनके इस्तीफा देने के महज 2 घंटे बाद ही उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया था।

अरविंदर सिंह लवली वैसे तो पिछले 30 सालों से कांग्रेस से जुड़े हुए थे लेकिन पिछले सात सालों में वह तीन बार पाला बदल चुके हैं। साल 2017 में वह कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हो गए थे। हालांकि कुछ महीनों बाद ही उन्होंने फिर घर वापसी कर ली।

इसके बाद से अब तक वह कांग्रेस से जुड़े हुए थे। लेकिन अब एक बार फिर वह बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

फेरीवाले की गला रेतकर हत्या

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव में शुक्रवार की देर रात फेरी लगाने वाले युवक को फोन कॉल करके गांव के बाहर बुलाया गया। गांव के बाहर बुलाने वालों ने उसे खूब मारा–पीटा और इसके बाद गला रेत कर भाग गए। इलाज के लिए ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। इस मामले में पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार हरिकांत गुप्ता (उम्र 35 वर्ष) पुत्र भास्कर गुप्ता शुक्रवार की देर रात अपने घर सो रहा था। तभी अचानक करीब उसके मोबाइल फोन पर एक बजे के करीब कोई कॉल आई। फोन पर बात करने के बाद हरिकांत गुप्ता उठकर गांव के पूर्व तरफ सीवान की तरफ चला गया। गांव के बाहर एक बाइक पर तीन लोगों ने हरिकांत को खूब मारा–पीटा। इसके बाद धारदार हथियार से गला रेत दिया। तभी अचानक किसी के आने की आहट सुनकर तीनों हरिकांत गुप्ता को वहीं छोड़कर भाग निकले। घायल अवस्था में किसी तरह हरिकांत अपने घर आया। घर वालों ने हरिकांत की हालत देखकर सन्न रह गए। गला कटने के कारण हरिकांत कुछ बोल नहीं पा रहा था। परिवार और गांववालों की मदद से जिला अस्पताल बस्ती लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।

मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही हरिकांत की मौत हो गई। हरिकांत गुप्ता के तीन बच्चे हैं। वह घर में अकेला कमाने वाला था। गांव–गांव फेरी लगाकर कॉस्मेटिक का सामान बेचता था। पत्नी बच्चे सहित परिवार वालों का रो–रो कर बुरा हाल है। मौके पर एसपी गोपालकृष्ण चौधरी, एएसपी ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी, मुंडेरवा थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह मौजूद रहे।

बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी आर.के. गौतम ने किया नामांकन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शनिवार को बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी आर.के. गौतम ने सादगी के साथ नामांकन किया। नामांकन के बाद आर.के. गौतम ने कहा कि पार्टी के लक्ष्य, विचारधारा के अनुरूप वे गांव– गांव जाकर संदेश देंगे और समाज के दबे, कुचले, विपन्न, अल्पसंख्यक और उपेक्षित समाज को आवाज देंगे। कहा कि पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट हैं और बूथ स्तर पर पहले से प्रबन्धन है। लोकतंत्र और बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिये पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होने 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अपना घोषणा पत्र जारी किया। कहा कि अवसर मिला तो वे वायदों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करेंगे।

नामांकन के दौरान जिलाध्यक्ष बुद्धेश राना, मण्डल अध्यक्ष हृदय गौतम, भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन, राम दुलारे, चन्द्र प्रकाश गौतम, सुग्रीव चौधरी, चंद्रिका प्रसाद, शिवमूरत पासवान, सुनील कन्नौजिया, राम लैश, पंचलाल, मेहीलाल,मां. आरिफ, राम अवतार पासवान, घनश्याम गौतम कुलदीप के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

डायट में रक्तदान शिविर का आयोजनः 22 ने किया रक्तदान

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शनिवार को कैली अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के स्टाफ और प्रशिक्षुओं सहित 22 ने लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने किया। रक्तदान में शामिल सभी को धन्यवाद देते हुए और पुरस्कृत करते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए ऐसा करके हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। इस तरह के शिविर में जो रक्तदान किया जाता है वह गरीबों के जीवन बचाने के काम आता है इसलिए मानवता के नाते भी रक्तदान हम सभी को अवश्य करना चाहिए। कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है साथ ही कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डॉ रविनाथ, डॉ गोविन्द, वंदना चौधरी, सरिता चौधरी, कुलदीप चौधरी, अलीउद्दीन खान, मो. इमरान, कल्याण पाण्डेय, शशि दर्शन त्रिपाठी, अमनसेन सहित चिकित्सा विभाग की टीम उपस्थित रही।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 5 मई 2024 रविवार

सम्पादकीय

राजनीति और नैतिकता

तीसरे चरण तक आते–आते लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाषणों का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कुछ नेताओं के दुराचार मामलों के खुलासे से भी सिद्ध हो गया कि भारतीय राजनीति नैतिकता के स्तर पर किस संकटकाल से गुजर रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। वे कहे को जीते भी थे। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसा नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। आरोपी सांसद का दुस्साहस देखिए कि वह मतदान के दिन तक चुनाव क्षेत्र में रहा और फिर जर्मनी भाग गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र और पूर्वमंत्री एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्वल के यौन उत्पीड़न व दुराचार दर्शाते करीब तीन हजार वीडियो सार्वजनिक हुए। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो पेन ड्राइव के जरिये बांटे जाते रहे। निस्संदेह इस मामले के खुलासे की टाइमिंग के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने एक साल पहले भाजपा नेतृत्व को पत्र लिखकर चेताया था कि प्रज्वल के कुकृत्यों की पेन ड्राइव कांग्रेस के पास पहुंच चुकी है। जिसका उपयोग लोकसभा चुनाव में हथियार के रूप में किया जाएगा। सवाल भाजपा नेतृत्व पर भी है कि हकीकत से वाकिफ होने के बावजूद क्यों प्रज्वल रेवन्ना को गठबंधन के सहयोगी कोटे से टिकट दिया गया? जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो एक साल पहले जानकारी होने के बावजूद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? दरअसल, एक समुदाय विशेष में एचडी देवगौड़ा परिवार की पकड़ होने की वजह से भाजपा व कांग्रेस कड़ी कार्रवाई से बचते रहे हैं। बहरहाल, इस सेक्स स्कैंडल के उजागर होने और उसके बाद तमाम सफाई के बावजूद जनता दल सेक्यूलर और उसकी सहयोगी भाजपा को राहत मिलना मुश्किल है। वजह है कि आरोप गंभीर और महिलाओं की अस्मिता से जुड़े हैं।

निश्चित रूप से कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य व सांसद ने जो कुकृत्य किये हैं, उससे भारतीय लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। विडंबना देखिये कि जो बड़े राजनेता महिलाओं की प्रशंसा में कसीदे पढ़ने से नहीं थकते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में दुराचार की पराकाष्ठा देखकर भी आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं। वे इस शर्मनाक कांड की व्याख्या अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं। एक पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार का सांसद अपने घर में काम करने वाली महिलाओं तक को न बख्शे, इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। इतना ही नहीं, सरकारी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं तक को हवस का शिकार बनाकर वीडियो बनाने तक के गंभीर आरोप प्रज्वल पर लगे। वीडियो इसलिये बनाये ताकि शोषण के बाद लोकलाज के भय से उन्हें चुप रखा जा सके। आरोपों के निशाने पर पूर्व मंत्री व प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना भी हैं। हालांकि, प्रज्वल का आरोप है कि एआई के जरिये उसके फोटों से छेड़छाड़ करके वीडियो बनाए गए हैं। लेकिन यदि वह निर्दोष है तो फिर उसे चुपके से जर्मनी भागने की क्या जरूरत पड़ी? बिना सरकारों की मिलीभगत के क्या वह जर्मनी भाग सकता था? क्या यह जन विश्वास सही है कि घोर विरोधी राजनीतिक दल व्यावहारिक जीवन में एक दूसरे के बड़े नेताओं को बचाने के लिये कवच का काम करते हैं? सवाल स्वाभाविक है कि जनता दल (एस) ने अश्लील वीडियो मामले में प्रज्वल को पार्टी से निलंबित करने में इतनी देर क्यों की? निस्संदेह, ऐसे यौन कुंठित जनप्रतिनिधि का चुना जाना लोकतंत्र के दामन पर एक दाग सरीखा है। प्रज्वल के जैसे विकृतिपूर्ण वीडियो सार्वजनिक हुए हैं उसे देखते हुए तत्काल उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की जरूरत है। बहरहाल, अब कर्नाटक सरकार द्वारा मामले में एसआईटी के गठन और प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ बलात्कार व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद उम्मीद जगी है कि दोषी को दंडित करके पीड़िताओं को न्याय मिल सकेगा।

गंगा जमुनी संस्कृति पर बढ़ती चोट

—श्याम सरन—

भारत की अपार विविधता इसकी मजबूत हकीकत है। कोई राजनीतिक दल, भले ही कितना ताकतवर और किसी विचारधारा विशेष से चालित हो, वह इसको एकांगी रंग में रंगने में सफल नहीं हो पाएगा। हमारी संस्कृति साझापन लिए है, लेकिन जोर साझेदारी के पहलू पर है न कि पालना में। यह चौरास्ता' की संस्कृति है, जिसने हजारों सालों के दौरान विविध प्रभावों के सुमेल से वजूद पाया है। जहां भौगोलिक रूप से यह भूभाग थलीय काफिला–मार्गों का चौराहा है, जो मध्य एशिया से होकर आगे भूमध्य सागर तक जाते थे। वहीं इसके सुदूर दक्षिणी छोर के बंदरगाह हिंद महासागर के पूरबी और पश्चिमी छोरों को जोड़ने का काम करते रहे। जिस प्रकार भारतीय धर्म और राजनीतिक विचार, भाषाएं, कला और वास्तुकला का प्रवाह इस उप–महाद्वीप से निकल दूसरे देशों में फैला, ठीक इसी तरह उन मुल्कों का प्रभाव भी समस्त भारतवर्ष पर बना। नाना देशों से आई विविध खूबियां भारतीय संस्कृति और इसके लोगों के स्वभाव में रच–बस गईं और जन्मजात महानगरीय संस्कृति विरासत में मिलती गई, यह विशेषता भारतीयों को विश्वभर में सबसे अधिक अनुकूलनशील बनाती है। देखा जाए, हम संसार के मूल वैश्विक नागरिक हैं।

जब भारत ने पिछले साल सितम्बर माह में जी–20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया था तो इसका आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकमध् था, जो हमारी इस खूबी को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता था। लेकिन किसी के लिए समस्त विश्व को गले लगाने की शुरुआत पहले अपने देश के लोगों को बांहों में भरने से होनी चाहिए। यह भी एक कारण है कि क्योंकर संविधान की पूर्व–प्रस्तावना में जितना अधिमान आजादी और समानता को दिया गया है उतना ही बंधुत्व को भी। भारत जैसे विविधता भरे मुल्क के लिए बंधुत्व की अहमियत खासतौर पर है। यह आपसी प्यार की भावना का निर्माण करता है जो विविध जातियों, प्रजातियों या सम्प्रदायों और उनकी जीवनशैली के बीच अंतर के प्रति एक–दूसरे को सहिष्णु बनाता है। यह बंधुत्व ही है जो हमारी राष्ट्रीयता की असल नींव है। यह साझा हित एवं साझा राष्ट्रीय मिशन का लक्ष्य पाने में संबद्धता एवं संलग्नता बनाता है।

संविधान का स्वरूप बनाने वालों को पता था कि भारतीय राष्ट्रवाद का निर्माण इसके लोगों की बहुरंगी पहचान को मान्यता देकर होगा है न कि दबाकर। तथापि, अंतिम विश्लेषण में, वे पूरी तरह आश्वस्त न थे कि क्या भारतीय लोग अपनी अलग पहचान का संतुलन समान नागरिकता के अति महत्वपूर्ण सिद्धांत से सही ढंग से बैठा पाएंगे या नहीं। अपने अंतिम (मौजूदा) रूप में आते–आते और समय–समय पर हुए संशोधनों और विधायिका द्वारा पारित कानून धीरे–धीरे राज्यसत्ता को नागरिक अधिकारों की एवज पर बलपूर्वक मनमर्जी चलाने की ताकत से लैस करते गए। राज्यसत्ता किन्हीं पहचान रखने वालों की निरंकुशता चलने देने और अन्यों के मामले में दमन करने वाला पक्षपाती रुख रखने लगी, वह जो मौके के मुताबिक राजनीतिक हित स्वार्थ साधने में सबसे उपयुक्त हो। किन्हीं विशेष पहचान वालों पर राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की आड़ में दमन तो वहीं दूसरों (अपने लोगों) को राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के नाम पर प्रोत्साहित करना और यहां तक कि वैधता देना। राज्यसत्ता ने मीडिया और सूचना चौनलों पर नियंत्रण और प्रभाव बना लिया ताकि कुछ सम्प्रदायों को खलनायक तो अपने वाले को श्रेष्ठ बनाकर पेश किया जा सके। ऐसा होने पर, राजनीतिक भड़काऊ भाषण वक्त की रणनीति का पूरक बन जाते हैं। इस प्रकार के नफरती बोल अक्सर ऊंचे उन्मादी सुर में चिल्ला–चिल्ला कर कहे जाते हैं ताकि अन्य सभी तार्किक मुद्दे डूब जाएं।

लोकतंत्र में, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना एक अभिन्न अंग है, लेकिन यही काफी नहीं। एक स्वतंत्र मीडिया और एक जीवंत सिविल सोसायटी आम नागरिक के अधिकारों पर राज्यसत्ता के निरंकुश व्यवहार से रोकने में प्रहरी का काम करते हैं। वे नागरिकों की ओर से राज्यसत्ता से सवाल करते हैं और लोगों को सूचना का वैकल्पिक साधन मुहैया करवाते हैं। एक सशक्त और स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका भी यही है। इतिहास में, ऐसे मामले हैं जब राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता की दलीलों का इस्तेमाल स्वतंत्र संस्थानों, विरोध का सुर उठाने वालों और अतंतः राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर राष्ट्र ‘विरोधी होने का ठप्पा लगाकर, उन्हें गैर–कानूनी बनाने में किया गया।

भारत अपने 18वें आम चुनाव के मतदान चरणों से गुजर रहा है। यह गर्व की बात है कि विगत में देश हर पांच साल में अभूतपूर्व पैमाने के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न करवाता आया है और विजयी पक्ष को सत्ता का हस्तांतरण बिना हिंसा या चुनौती के निर्विघ्न होता रहा। एक स्वतंत्र चुनाव आयोग सुनिश्चित करता है कि तमाम राजनीतिक दल और राजनेता अपने चुनावी अभियानों में नियमों में बंधकर ही वोट मांगेंगे। उम्मीद की जाती है कि उम्मीदवार धर्म, जाति या समुदाय का इस्तेमाल वोटें पाने में नहीं करेंगे। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में कुछ राजनीतिक दल और नेताओं के जहरीले बोल तमाम हदें लांघ रहे हैं। भाषणों में सरेआम संप्रदाय विशेष के नागरिकों के विरुद्ध अत्यंत असभ्य और लांछित करने वाले हमले हो रहे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बार–बार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप उछाले जा रहे हैं। मतदाता को भ्रमित करने के लिए यह भ्रामक सूचना और सफेद झूठ की बनी धुंध बनाने जैसा है। कहने को वे वसुधैव कुटुम्बकमध् की बात करते हैं लेकिन फिर भी खुलेआम हमारे नाजुक सामाजिक ताने–बाने में खतरनाक दरारें पैदा कर रहे हैं। जैसा मैंने ऊपर भी लिखा और फिर से दोहरा रहा हूंकृ हिंदू–मुस्लिम गार डालकर स्थाई राष्ट्रीय एकता नहीं बनाई जा सकती।

नये स्वरूप में प्रेस और स्वतंत्रता

—हरि जयसिंह—

4 जून, 1903 को, महात्मा गांधी ने नस्लीय भेदभाव के खिलाफ खड़े होने और भारतीयों के लिए नागरिक अधिकारों पर जोर देने के लिए दक्षिण अफ्रीका में 'इंडियन ओपिनियन' की शुरूआत की। परिवर्तन लाने के लिए समाचार पत्रों की शक्ति में गांधी के विश्वास ने उन्हें प्रकाशन का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। 'द स्टोरी ऑफ माई एक्सपैरीमैंट्स विद ट्रूथ' में गांधी कहते हैं –

''इंडियन ओपिनियन के पहले महीने में ही मुझे एहसास हुआ कि पत्रकारिता का एकमात्र उद्देश्य सेवा होना चाहिए। समाचार पत्र प्रैस एक महान शक्ति है, लेकिन जिस प्रकार पानी की अनियंत्रित धारा पूरे ग्रामीण इलाकों को डुबो देती है और फसलों को नष्ट कर देती है, उसी प्रकार अनियंत्रित कलम नष्ट करने के अलावा और कुछ नहीं करती। यदि नियंत्रण बाहर से हो तो यह नियंत्रण के अभाव से भी अधिक जहरीला साबित होता है। यह तभी लाभदायक हो सकता है जब इसका प्रयोग भीतर से किया जाए। यदि तर्क की यह पंक्ति सही है, तो दुनिया की कितनी पत्रिकाएं कसौटी पर खरी उतरेंगी? लेकिन जो बेकार हैं उन्हें कौन रोकेगा? आम तौर पर अच्छे और बुरे की तरह उपयोगी और अनुपयोगी को एक साथ चलना चाहिए और मनुष्य को अपनी पसंद बनानी चाहिए।''

जैसा कि मैं यह लिख रहा हूं, दुनिया 3 मई को प्रैस स्वतंत्रता दिवस मनाती है और महात्मा गांधी की स्थायी बुद्धिमत्ता इससे अधिक सच्ची नहीं हो सकती। उनके शब्द प्रैस की स्वतंत्रता के सार को दर्शाते हैं कि सत्य की सम्मानजनक खोज और सटीक जानकारी फैलाकर जनता की सेवा की जाए। महात्मा गांधी ने प्रैस की तुलना एक जंगली नदी से की जो सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है, लेकिन अराजकता भी पैदा कर सकती है। उनका संदेश सरल और सीधा है। प्रैस का व्यापक प्रभाव है। इसका कार्य समाज को आकार देना, नीतियों का मार्गदर्शन करना और शक्तिशाली लोगों को जवाबदेह बनाए रखना है। किसी भी शक्ति की तरह, इसका उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक और नैतिक रूप से किया जाना चाहिए।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि प्रैस बिना नियंत्रण के झूठी सूचना फैला सकती है। विभाजन पैदा कर सकती है और लोगों को नुकसान पहुंचा सकती है। साथ ही, गांधी ने बहुत अधिक नियंत्रण के प्रति आगाह किया क्योंकि यह सच्चाई को चुप करा सकती है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है। भारत में प्रैस की स्वतंत्रता एक चिंता का विषय रही है, खासकर पिछले एक दशक से। हालांकि भारत में विविध आऊटलैट्स वाला एक जीवंत मीडिया है, लेकिन प्रैस की स्वतंत्रता के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। एक प्रमुख मुद्दा पारंपरिक और डिजिटल मीडिया आऊटलैट्स का राजनीतिकरण और सैंसरशिप है, जो स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट करने की क्षमता को बाधित कर सकता है। पत्रकारों को अपनी रिपोर्टिंग के लिए उत्पीड़न, धमकी और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा है, खासकर संवेदनशील राजनीतिक विषयों को कवर करते समय या सरकार की आलोचना करते समय।

पत्रकारों और मीडिया संगठनों को निशाना बनाने के लिए राजद्रोह, मानहानि और अदालत की अवमानना जैसे कानूनों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे स्व–सैंसरशिप और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भयानक प्रभाव पड़ा है। ऑनलाइन गलत सूचना और दुष्प्रचार का बढना समाचार मीडिया की विश्वसनीयता को कम करता है और पत्रकारिता में जनता का विश्वास कम करता है। जबकि भारत को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संवैधानिक रूप से गारंटीकृत अधिकार प्राप्त है। प्रैस को अक्सर वास्तविकता में चुनौतियों और जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

न्यूज मिनट ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्राइमटाइम टी.वी. समाचार शो की सामग्री की जांच की। इसने महत्वपूर्ण मुद्दों बनाम विभाजनकारी एजैंडे पर फोकस का आकलन करने के लिए 1 फरवरी से 12 अप्रैल के बीच 6 चौनलों और 6 एंकरों में 429 सैगमैंट को ट्रैक किया। नतीजों से पता चलता है कि 52 प्रतिशत कवरेज विपक्ष–विरोधी थी। 27 प्रतिशत ने मोदी सरकार की प्रशंसा की, 5.6 प्रतिशत ने सरकार से न्यूनतम पूछताछ के साथ सांप्रदायिक विषयों को कवर किया, और केवल 1.4 प्रतिशत ने नौकरियों और मुद्रास्फीति जैसे विषयों को संबोधित किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि भारत की प्रैस स्वतंत्रता सूचकांक रैंकिंग गिर गई है। वैश्विक मीडिया वॉचडॉग रिपोर्टर्स विदाऊट बॉर्डर्स (आर.एस.एफ.) की सबसे हालिया रिपोर्ट के अनुसार, विश्व प्रैस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति 2022 में 150 से गिरकर इस वर्ष 180 देशों में से 161 पर आ गई। विश्व प्रैस स्वतंत्रता दिवस पर, आइए हम भारत में पत्रकारिता के बारे में गांधी जी के ज्ञान पर विचार करें।

भारत का लोकतंत्र निश्चित रूप से जीवंत है। मीडिया भी ऐसा ही है, जिसे लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में विपक्ष की भूमिका का पूरक होना चाहिए। चौथे स्तम्भ की शक्ति को कभी–कभी विस्मय की दृष्टि से देखा जाता है। बहाव की स्थिति में डर का एक तत्व होना चाहिए हालांकि कभी–कभी प्रैस भी डरी हुई लगती है। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए माध्यम के रूप में मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में अक्सर बातें सुनने को मिलती हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बस्ती

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन संख्या के स्वामियो/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका परिषद बस्ती में विचाराधीन है सम्बन्धित पक्षो को धारा 147 (2) की नोटिस भेजी जा चुकी है आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद बस्ती के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सहनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

क्र0	प्रापर्टी आई0डी0	आवेदन संख्या	वर्तमान नाम	प्रास्तावित नाम		आधार
1	2	3	4	5		6
1	095170100102368 3R/	PM5172425002943/	श्री जुग्गी लाल पुत्र लालता प्रसाद	किरन देवी चन्दन कुमार भरत कुमार सुमित कुमार भजन कुमार गुप्ता साजन कुमार सागर गुप्ता		वारिस
2	095170100703056 2R/	PM5172324002937/	श्री अजय शुक्ला पुत्र स्व० करूणा सागर शुक्ल, श्रीमती पुष्पा शुक्ला पत्नी स्व० करूणा सागर शुक्ल, कु० दीपिका शुक्ला, कु० दीक्षा शुक्ला पुत्रीगण स्व० करूणा सागर शुक्ल, प्रेम सागर पुत्र श्याम जी शुक्ला	कौशल कुमार	कृष्ण चन्द्र	रजि0 सेल डीड
3	095170100603628 6R/	PM5172324002932/	श्रीमती इन्द्रपती देवी पत्नी पौहारी प्रसाद	शुभम सैनी	पौहारी प्रसाद सैनी	वारिस
4	095170100203376 8R/	PM5172324002926/	उमाशंकर मिश्र	ह्रदय नरायन गुप्ता	सत्य नरायन गुप्ता	रजि0 सेल डीड
5	095170100803650 2R/	PM5172324002924/	मो० अहमद पुत्र रहमत	शहीदूननिशा	मसीउद्दीन	रजि0 सेल डीड
6	095170100803342 8R/	PM5172324002922/	श्रीमती सुनीता पत्नी श्री सुभाष चन्द्र अग्रहरि	मोहम्मद सलाम	मोहम्मद इस्लाम	रजि0 सेल डीड
7	095170100803421 2R/	PM5172324002915/	श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी दया शंकर उपाध्याय	अरूण कुमार उपाध्याय	दयाशंकर उपाध्याय	वारिस
8	095170100502682 5R/	PM5172324002917/	श्रीमती फमीदा खातून पत्नी काजी मोहम्मद उमर, श्री काजी तजम्मुल हुसैन पुत्र काजी तव्वकल हुसेन 1/2 भाग	जावेद अहमद	तजम्मुल हुसैन	वारिस
9	095170100803518 1R/	PM5172324002919/	श्री कुलदीप कुमार श्रीवास्तव उर्फ अनूप व श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व० शिवसहाय लाल	श्वेता तिवारी	राम प्रकाश तिवारी	रजि0 सेल डीड
10	095170100803678 3R/	PM5172324002914/	मो० अकरम खान, मो० आजम खॉन, मो० इरफान खॉन, मो० इरशाद खॉन, मो० इसरार अमद खान पुत्रगण स्व० अब्दुल मतीन व मुहसिना खान, अनीसा खान पुत्रीगण स्व० अब्दुलमतीन	शैलजा सिंह	सुनील कुमार सिंह	रजि0 सेल डीड
11	095170100803518 1R/	PM5172324002918/	श्री कुलदीप कुमार श्रीवास्तव उर्फ अनूप व श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व० शिवसहाय लाल	अंकित कुमार चतुर्वेदी	गणेशदत्त चतुर्वेदी	रजि0 सेल डीड
12	095170100402686 9R/	PM5172324002908/	मुरलीधर, बशीधर पुत्र श्रीराम	रतनकुमार मद्धेशिया	मुरलीधर	वारिस
13	095170100502131 6R/	PM5172324002910/	निर्मला वर्मा पत्नी त्रिभुवन वर्मा	नितिश वर्मा	त्रिभुवन वर्मा	वारिस
14	095170100203376 8R/	PM5172324002907/	उमाशंकर मिश्र	गुड़िया गुप्ता	शिव कुमार गुप्ता	रजि0 सेल डीड
15	095170100603006 1R/	PM5172324002904/	श्री अयोध्या प्रसाद पुत्र श्री हरी प्रसाद लाल	विश्वनाथ प्रसाद	अयोध्या प्रसाद श्रीवास्तव	रजि0 वसीयत
16	095170100807406 N/	PM5172324002902/	जगदीश प्रसाद पुत्र भगौती प्रसाद त्रिपाठी	संजय कुमार त्रिपाठी	जगदीश प्रसाद त्रिपाठी	वारिस
17	095170100803743 3N/	PM5172324002901/	जगदीश प्रसाद त्रिपाठी	संजय कुमार त्रिपाठी	जगदीश प्रसाद त्रिपाठी	वारिस
18	095170100803734 8N/	PM5172324002903/	जगदीश प्रसाद त्रिपाठी पुत्र भगवती प्रसाद	संजय कुमार त्रिपाठी	जगदीश प्रसाद त्रिपाठी	वारिस
19	095170100803724 8N/	PM5172324002900/	रविन्द्र नाथ शुक्ला पुत्र स्व० ज्वाला प्रसाद शुक्ला	जितेन्द्र प्रसाद शुक्ला	रविन्द्रनाथ शुक्ला	वारिस
20	095170100603544 4R/	PM5172324002899/	रवीन्द्र नाथ शुक्ला पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद शुक्ला	जितेन्द्र प्रसाद शुक्ला	रविन्द्रनाथ शुक्ला	वारिस
21	095170100802754 3R/	PM5172324002898/	रवीन्द्र नाथ शुक्ला पुत्र ज्वाला प्रसाद	जितेन्द्र प्रसाद शुक्ला	रविन्द्रनाथ शुक्ला	वारिस
22	095170100602284 5R/	PM5172324002891/	श्रीमती हसीना बानो पत्नी श्री सैय्यद हुसेन	मोहम्मद यूसूफ	जमाल अहमद	रजि0 सेल डीड
23	095170100403012 2R/	PM5172324002889/	रामलाल पुत्र बाबूलाल	राकेश कुमार	रामलाल	वारिस
24	095170100803485 3R/	PM5172324002892/	बनारसी लाल	राजेश कुमार	बनारसी लाल	वारिस
25	095170100103624 5R/	PM5172324002887/	श्री अनीश बरनवाल, आशीष बरनवाल पुत्रगण स्व० महेन्द्र कुमार बरनवाल	ओम प्रकाश गुप्ता	राम कुमार गुप्ता	रजि0 सेल डीड
26	095170100201960 0R/	PM5172324002885/	कृष्ण बिहारी	प्रमोद कुमार भरत चन्द्र प्रभाकर शीतला देवी रवि कुमार मनीष कुमार	अयोध्या प्रसाद रमेश चन्द्र सीता राम	फैमिली सेटेलमेंट
27	095170100403630 8R/	PM5172324002878/	परवेज अख्तर खान पुत्र अब्दुल वहाव खान	राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल अनीता	पटेश्वरी प्रसाद जायसवाल राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल	रजि0 सेल डीड
28	095170100402577 6R/	PM5172324002879/	परवेज अख्तर खान पुत्र अब्दुल वहाव खान	राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल अनीता	पटेश्वरी प्रसाद जायसवाल राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल	रजि0 सेल डीड

शेष पेज 3 पर

29	09517010040372 93N/	PM5172324002880/	श्री भरत सिंह, श्रीमती जानकी देवी पत्नी स्व० शत्रुधन सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, रितुराज सिंह पुत्रगण स्व० शत्रुधन सिंह, अरून कुमार गुप्ता पुत्र अर्जुन कुमार गुप्ता 1/4 भाग	शेला	भरत सिंह	वारिस
30	09517010050243 35R/	PM5172324002877/	शिव सेवक लाल पुत्र गंगा लाल	मधुप कुमार श्रीवास्तव	शिव सेवक लाल श्रीवास्तव	वारिस
31	09517010060295 26R/	PM5172324002874/	श्रीमती उमा शाही पत्नी श्री एस०एस०शाही	किरन त्रिपाठी	डॉ संजयन त्रिपाठी	रजि0 सेल डीड
32	09517010080323 36R/	PM5172324002873/	श्री राम करन सिंह	कृष्ण कुमार सिंह	राम करन सिंह	रजि0 सेल डीड
33	09517010020238 10R/	PM5172324002869/	इन्द्राणी गुप्ता तलाकशुदा पत्नी जगदीश प्रसाद साहू	रघुनन्दन राम साहू राघवेन्द्र राम साहू	दीनबन्धू शाहू	रजि0 वसीयत
34	09517010070359 90R/	PM5172324002871/	अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र कमलेश कुमार पाण्डेय	अशोक कुमार पाण्डेय	कमलेश पाण्डेय	रजि0 वसीयत
35	09517010020238 11R/	PM5172324002870/	इन्द्राणी गुप्ता तलाकशुदा पत्नी जगदीश प्रसाद साहू	रघुनन्दन राम साहू राघवेन्द्र राम साहू	दीनबन्धू शाहू	रजि0 वसीयत
36	09517010080279 78R/	PM5172324002866/	जनार्दन प्रसाद दूबे पुत्र दया शंकर दूबे	सत्य प्रकाश द्विवेदी	जनार्दन प्रसाद द्विवेदी	रजि0 वसीयत
37	09517010050204 68R/	PM5172324002867/	श्रीमती कृष्णावती सिंह पत्नी मारकण्डे सिंह	विनोद कुमार सिंह	मारकण्डे सिंह	वारिस
38	09517010020336 64R/	PM5172324002863/	श्री रंजीत सोनी	सुनीत अग्रवाल	भूपेन्दर अग्रवाल	रजि0 सेल डीड
39	09517010080347 25R/	PM5172324002861/	श्रीमती देवमती शुक्ला पत्नी श्री राममणि शुक्ला, कनक देवी, कंचन देवी तथा बेबी उर्फ अनीता पुत्रियान स्व० राममणि शुक्ला	अनीता त्रिपाठी	चन्द्र कमल त्रिपाठी	रजि0 वसीयत
40	09517010030231 36R/	PM5172324002860/	श्री अनवर अली, करुनिसा, गुलाम जिलानी, गुलाम रसूल, गुलाम नबी	गुलाम जिलानी	रज्जब अली	वारिस
41	09517010070378 10R/	PM5172324002854/	श्री सरदार शत्रुजीत सिंह पुत्र श्री रन्जीत सिंह	अजय कुमार सिंह	वेशम्मर सिंह	रजि0 सेल डीड
42	09517010080336 09R/	PM5172324002855/	श्री बंगाली यादव पुत्र श्री कौलेश्वर यादव	श्रीमती विन्ध्यवासिनी	बंगाली यादव	वारिस
43	09517010080362 72R/	PM5172324002852/	श्री जमाल अहमद पुत्र श्री इम्तियाज	अरमान अहमद	जमाल अहमद	वारिस
44	09517010040257 98R/	PM5172324002853/	श्री सुरेश चन्द्र शुक्ल, हरिश्चन्द्र चन्द्र शुक्ल, श्री रमेश चन्द्र शुक्ल पुत्रगण श्री रविनाथ शुक्ल, श्रीमती पुष्पा शुक्ला पत्नी स्व० महेश चन्द्र, श्री रितेश शुक्ला, श्री राजेश कुमार शुक्ला पुत्रगण स्व० महेश चन्द्र	संजय कुमार शुक्ल	रमेश चन्द्र शुक्ल	वारिस
45	09517010070209 65R/	PM5172324002848/	शिशिर कान्त खरे पुत्र स्व० उमाकान्त खरे	करूण सिंह	विक्रम विरेन्द्र सिंह	रजि0 सेल डीड
46	09517010050243 34R/	PM5172324002845/	राम सेवक लाल, हरि सेवक लाल पुत्र गंगा लाल	पुष्पा श्रीवास्तव	मनोज कुमार श्रीवास्तव	रजि0 वसीयत
47	09517010080341 95R/	PM5172324002840/	ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव	अरून कुमार श्रीवास्तव	ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव	वारिस
48	09517010080319 95R/	PM5172324002838/	श्री रूद्र नाथ श्रीवास्तव	गीता	विजय प्रकाश श्रीवास्तव	रजि0 सेल डीड
49	09517010060286 37R/	PM5172324002799/	श्रीमती प्रभावती देवी पत्नी श्री साधू सरन	संजय श्रीवास्तव	साधू सरन लाल श्रीवास्तव	वारिस
50	09517010080321 05R/	PM5172324002793/	श्री प्रेम शंकर पाण्डेय पुत्र राम लौट	रंजना पाण्डेय अभिषेक पाण्डेय विवेक पाण्डेय	प्रेमशंकर पाण्डेय	वारिस
51	09517010070294 49R/	PM5172324002726/	प्रहलाद मोदी, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार पुत्रगण रतनचन्द्र मोदी	राजेन्द्र कुमार मोदी	रतन चन्द्र मोदी	फैमिली सेटेलमेंट
52	09517010050203 68R/	PM5172425002967/	रामधनी पुत्र माया राम	महेन्द्र कुमार गुप्ता	रामधनी प्रसाद गुप्ता	वारिस
53	09517010060366 27R/	PM5172425002959/	श्रीमती राजमती पत्नी श्री धर्मराज	शैलेन्द्र कुमार भास्कर	धर्मराज	वारिस
54	09517010080360 47R/	PM5172425002954/	मेवालाल पुत्र रामपत	फूलचन्द्र	मेवालाल	वारिस
55	09517010070286 31R/	PM5172425002955/	रामू नजूल भूमि सरकारी संपत्ति	बासमती	राम प्रसाद उर्फ रामू	वारिस
56	09517010060226 36R/	PM5172425002952/	श्री जयसराज यादव पुत्र श्री सोमई	शिव प्रसाद	जयसराज	रजि0 वसीयत
57	09517010080325 13R/	PM5172425002950/	श्रीमती सुबरन देवी पत्नी स्व० सीताराम आर्य	पुष्पावती देवी	नेतराम मस्ताना	रजि0 सेल डीड
58	09517010020249 79R/	PM5172425002951/	श्री अंकित कुमार गुप्ता पुत्र श्री पवन कुमार गुप्ता व श्रीमती राधा मद्धेशिया पत्नी श्री अंकित कुमार गुप्ता	शिव कुमार गुप्ता	बैजनाथ प्रसाद गुप्ता	रजि0 सेल डीड
59	09517010040197 60R/	PM5172425002949/	पूर्णमासी पुत्र मोलहू	सूर्यनाथ	पूर्णमासी	वारिस
60	09517010080343 61R/	PM5172425002947/	कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री चन्द्रमा प्रसाद श्रीवास्तव	अतुल कुमार श्रीवास्तव	कौशल कुमार श्रीवास्तव	वारिस
61	09517010080343 49R/	PM5172425002948/	श्री कौशल कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री चन्द्रमा प्रसाद श्रीवास्तव	अतुल कुमार श्रीवास्तव	कौशल कुमार श्रीवास्तव	वारिस
62	09517010010354 27R/	PM5172425002946/	श्री धनन्जय सिंह	वेजय कुमार गुप्ता	गंगा सागर गुप्ता	रजि0 सेल डीड
63	09517010060302 44R/	PM5172425002941/	श्रीमती शमीमा खातून पत्नी डा०उबैदुल्लाह खाँ	शहजाद अहमद	ओबेदुल्लाह	वारिस
64	09517010040194 32R/	PM5172425002940/	श्री संतोष कुमार सोनकर, पुत्र पंचम, रमपत पुत्र मोहन, श्रीमती सिरताजी देवी पत्नी स्व० श्रीराम एवं अर्जुन सोनकर एवं करन सोनकर पुत्रगण स्व० श्रीराम	बनावती	प्रमोद	रजि0 सेल डीड
65	09517010030211 97R/	PM5172425002939/	मुन्नी देवी	उमा देवी	ओम प्रकाश	रजि0 सेल डीड
66	09517010050289 94R/	PM5172425002938/	श्री उमा शंकर पुत्र स्व० श्याम लाल	विमला	उमाशंकर	रजि0 सेल डीड

विवाहिता प्रेमी संग फरार, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट, तो खुद प्रेमी के साथ पहुंची थाने

संवाददाता–गोण्डा। जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के जफरापुर के एक गांव की रहने वाली महिला पड़ोस के युवक के साथ फरार हो गई। मामले में विवाहिता के पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद उसे जानकारी मिली कि उसके गांव का रहने वाला युवक उसकी पुत्री को लेकर अपने ननिहाल गया है। तब पीड़ित पिता ने एसपी से जनसुनवाई के जरिए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में पीड़ित पिता ने कहा कि 24 अप्रैल को उसकी पुत्री कंचन उमरी के मां बाराही मंदिर उत्तरी भवानी में दर्शन करने के लिए गई थी। वहां से गायब हो गई है। खोजबीन करने पर पता चला कि पड़ोस का रहने वाला शिवकुमार पुत्र लल्ला नरेश सिवा सूरज कुमार के सहयोग से भगा ले गया है।

आरोप लगाते हुए कहा कि मामले की जानकारी होने पर शिकायत करने उनके घर गया तो विपक्षी मिलकर गाली गलौज देते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गए। शिकायत पत्र में पीड़ित पिता ने कहा कि वर्ष 2022 के जून माह में उसकी पुत्री का विवाह परसपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक के साथ हुआ था। पिता ने पुत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने ससुराल से 2 हजार रुपए नगद, लगभग 80 हजार रुपए सोने और चांदी के जेवर अपने साथ ले गई है। मामले में दामाद ने उमरी बेगमगंज थाना पुलिस को सूचित किया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उमरी बेगमगंज पुलिस ने शिवकुमार, लल्ला, सूरज कुमार और दशरथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। मुकदमा दर्ज होने की भनक प्रेमी युगल को लग गई, जिसके बाद प्रेमिका अपने प्रेमी सहित उमरी बेगमगंज पुलिस में खुद हाजिर हो गई। जहां पूछताछ के दौरान उसे पुलिस ने प्रेमी के साथ जाने की बात को लेकर अच्छे से विचार कर जवाब देने के लिए कहा। तो वह पुलिस पर भड़क उठी। प्रेमी के साथ अपना कोर्ट मैरिज से संबंधित कागजात दिखाकर कहा कि हमने 18 अप्रैल को ही अपने प्रेमी के साथ विवाह कर लिया है और प्रेमी के ही घर जाऊंगी।

इस संबंध में उमरी बेगमगंज थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि दोनों ने कोर्ट मैरिज किया है। पुलिस अभिरक्षा में युवती को बयान के लिए भेजा गया था। जहां उसने प्रेमी के पक्ष में बयान में बयान दिया है।

पिकअप वाहन से दो लाख 34 हजार नगदी बरामद

संवाददाता–श्रावस्ती। सोनवा थाने के सामने शुक्रवार देर शाम स्थानीय पुलिस ने एसएसटी टीम के साथ चुनाव को लेकर वाहनों की जांच किया। इस दौरान टीम ने एक पिकअप से दो लाख 34 हजार रुपये नगदी बरामद किया। पिकअप पर मौजूद युवक रुपये से संबंधित कोई जानकारी नहीं दे सका। इस पर पुलिस ने पैसा सीज कर दिया है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले में एसएसटी टीम का गठन किया गया है। जिसका प्रभारी डायट प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव को बनाया गया है। शुक्रवार देर शाम एसएसटी टीम प्रभारी ने प्रभारी निरीक्षक सोनवा श्याम देव चौधरी के साथ थाना गेट के सामने भिनगा बहराइच फोरलेन पर वाहनों की जांच किया। इस दौरान टीम ने पिकअप संख्या यूपी 46 टी 4399 की जांच किया। इस दौरान पिकअप पर मौजूद बिहार राज्य के जिला सियान के थना मुफस्सिल अंतर्गत मझवलिया निवासी विकास कुमार पुत्र संजय कुमार के कब्जे से दो लाख 34 हजार रुपये नगदी बरामद किया। पूछताछ के दौरान विकास व पिकअप चालक गिलौला थाना क्षेत्र के गिलौला कस्बा निवासी विक्रम कुमार पुत्र तिलकराम रुपये के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इस पर टीम ने आयकर विभाग को सूचना देने के साथ ही मिले रुपए को सीज कर दिया है। जबकि चालक व उसके साथ मौजूद विकास कुमार को पैसे से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

18 वर्ष के कम आयु के बच्चे न चलाएं वाहन –एसपी

संवाददाता–श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन पर शनिवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को वाहन न चलाने की सलाह दी गई। बच्चों को जागरूक करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि वाहन चलाने के लिए 18 वर्ष की आयु होना जरूरी है। 18 वर्ष पूरा करने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस बन सकता है। इसलिए जब तक 18 वर्ष के न हों तब तक वाहन बिलकुल न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की जानकारी जरूरी है। साथ ही नियम का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। इसी तरह अन्य यातायात नियमों का पालन करना खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है। इसी तरह राजकीय इण्टर कालेज गब्बापुर, राजकीय जूनियर हाई स्कूल सोनवा, स्कूल लिटिल फ्लावर श्रावस्ती आदि स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों को जागरूक किया गया और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

गोण्डा व कैसरगंज सीट पर कुल 25 लड़ाकों ने दाखिला किया नामांकन

संवाददाता–गोण्डा। जिले के गोण्डा व कैसरगंज सीट पर राजनीति की बिसात बिछ गई है। सभी प्रमुख दलों, छोटे दलों के साथ ही निर्दलीय योद्धा भी मैदान में आ गए हैं। कैसरगंज से एक दर्जन तो गोण्डा से 13 योद्धा चुनावी मैदान में ताल ठोंकने को उतर चुके हैं। कुल 25 योद्धा चुनावी रण में कूद गए हैं। सभी अपने – अपने तरीकों से मतदाताओं को रिझाने में जुटे हुए हैं। कोई पिता तो कोई अपने बाबा तो कोई खुद के काम पर लोगों से वोट करने की अपील कर रहा है। वहीं मतदाता भी चुनावी योद्धाओं से अपना मनुहार कराकर गदगद हो रहे हैं। अयोध्या से सटी होने के कारण गोण्डा व कैसरगंज सीट राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दोनों सीटों पर सभी राजनैतिक दलों ने खूब सूझबूझ से योद्धाओं को मैदान में जूझने के लिए उतारा है। कैसरगंज सीट पर तो भाजपा व सपा ने ऐन नामांकन से कुछ ही घंटे पहले अपने प्रत्याशी तय किए हैं। 2024 का यह चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण हो चला है। भाजपा ने गोण्डा से सांसद तो कैसरगंज से सांसद पुत्र पर जताया भरोसा रू इस बार के चुनावी रण में गोंडा संसदीय सीट पर भाजपा ने एक बार फिर चार बार के सांसद व मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह पर भरोसा जताया है। वह पांचवी बार युद्ध फतह करने के लिए मैदान में जूझते नजर आ रहे हैं। वहीं कैसरगंज संसदीय सीट पर पार्टी ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी करण भूषण का यह पहला चुनाव है और वह अपने पिता छह बार के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अनुभव और उनके राजनीतिक रसूख के बल पर चुनावी वैतरणी पार करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं। सपा ने दोनों सीटों पर नए चेहरे पर लगाया दांव रू सपा ने अबकी बार दोनों सीटों गोण्डा व कैसरगंज में नए चेहरों पर दांव खेला है। सपा ने गोण्डा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वह अपने बाबा बेनी बाबू के काम पर वोट व आर्शीवाद मांग रहीं हैं। वहीं नामांकन के कुछ ही घंटों पहले कैसरगंज से बहराइच निवासी भगतराम को मैदान में उतारा गया है। पहले भी बहराइच सीट से संसदीय चुनाव लड़ चुके भगतराम इस बार कैसरगंज सीट पर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। वह इस सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीत चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण का सामना कर रहे हैं। बसपा ने नए के साथ ही पहली बार चुनाव लड़ने वाले को मैदान में उतारा रू बसपा ने गोण्डा व कैसरगंज दोनों सीटों पर नए के साथ ही पहली बार चुनाव लड़ने वाले चेहरे पर विश्वास जताया है। बसपा ने गोण्डा से सौरभ मिश्रा तो कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय को चुनावी रण में उतारा है।

67	09517010080347 01R/	PM5172324002936/	श्री राम बहाल पुत्र साहेबदीन	रामसुभग	राम बहाल	वारिस
68	09517010040267 25R/	PM5172324002930/	श्री शादिक अली पुत्र फत्तेदीन व जाहिदा खातून पत्नी स्व० साबिर अली	मोहम्मद जावेद	सब्बीर अली	वारिस
69	09517010080345 68R/	PM5172324002929/	श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव पत्नी श्री कैलाश चन्द्र	राजन कुमार श्रीवास्तवा	कैलाश चन्द्र श्रीवास्तवा	वारिस
70	09517010070304 51R/	PM5172324002928/	मो० अली तनवीर पुत्र स्व० तौफीक आलम	आसमा तलत	मो0 तनवीर आलम	वारिस
71	09517010070308 21R/	PM5172324002920/	सुरैय्या खातून पत्नी अताउर्रहमान	अब्दुल मोहसीन सिद्दीकी	अताउर रहमान सिद्दीकी	वारिस

अधिशाषी अधिकारी

नगर पालिका परिषद, बस्ती

पत्रांकः– 70/A /न0पा0प0 बस्ती/कर अनुभाग/2024–25 दिनांकः–04 मई 2024

अयोध्या से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांचों चरण के चुनाव को साधने की करेंगे कोशिश



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। मणिराम छावनी के मुख्य पुजारी गोवर्धन निवास मंदिर के संस्थापक बजरंग दास महाराज की चौथी पुण्यतिथि पर संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराज जी भजनानंदी संत थे और निरंतर सेवा करते रहते थे। ठाकुर जी की सेवा के बाद जितना समय मिलता था उतना संत सेवा गौ सेवा श्रद्धालु सेवा में अपने आप को तल्लीन रखते थे और अपने शिष्यों को हमेशा सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म मानने का उपदेश दिया करते थे। इस अवसर पर मंदिर के महंत मनमोहन दास महाराज ने बताया कि श्री महाराज जी की चौथी पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है जिसमें संत श्री महाराज जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हैं और सभी संतों का मंदिर में स्वागत सम्मान किया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास, लक्ष्मण किला के पीठाधीश्वर महंत मैथिली रमण शरण महाराज, हनुमत निवास के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नंदनी शरण, श्री राम आश्रम के महंत जयराम दास, मधुकरिया संत एम बी दास, महंत अर्जुनदास संत दास सहित सैकड़ों संत महंत श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुण्यतिथि के अवसर पर प्रसाद पाये।

पूर्वाचार्य महंत बजरंग दास महाराज को संतो ने अर्पित की श्रद्धांजलि

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। मणिराम छावनी के मुख्य पुजारी गोवर्धन निवास मंदिर के संस्थापक बजरंग दास महाराज की चौथी पुण्यतिथि पर संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराज जी भजनानंदी संत थे और निरंतर सेवा करते रहते थे। ठाकुर जी की सेवा के बाद जितना समय मिलता था उतना संत सेवा गौ सेवा श्रद्धालु सेवा में अपने आप को तल्लीन रखते थे और अपने शिष्यों को हमेशा सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म मानने का उपदेश दिया करते थे। इस अवसर पर मंदिर के महंत मनमोहन दास महाराज ने बताया कि श्री महाराज जी की चौथी पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है जिसमें संत श्री महाराज जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हैं और सभी संतों का मंदिर में स्वागत सम्मान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास, लक्ष्मण किला के पीठाधीश्वर महंत मैथिली रमण शरण महाराज, हनुमत निवास के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नंदनी शरण, श्री राम आश्रम के महंत जयराम दास, मधुकरिया संत एम बी दास, महंत अर्जुनदास संत दास सहित सैकड़ों संत महंत श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुण्यतिथि के अवसर पर प्रसाद पाये।

पूर्वाचार्य महंत मिथिलाशरण और महंत किशोरीशरण को संतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। प्रभु श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में साधना एवं सिद्धि के पर्याय स्वामी जानकी शरण जी महाराज झुनकी बाबा के शिष्य महंत मिथिला शरण जी महाराज का जन्म बिहार प्रांत के नवादा जिले में जमीदार घराने में हुआ लेकिन किशोरावस्था में ही स्वामी जानकी शरण जी महाराज के संपर्क में आए और वैराग्य की लगन ने तपस्या की भूमि अयोध्या में सरयू तट पर पहुंचा दिया। जहां श्री महाराज जी मां की गोद में अपनी त्याग और तपस्या के बल पर मां सरयू के पावन तट पर प्रतिष्ठित सिद्धपीठ सियाराम किला झुनकी घाट की स्थापना की और प्रथम आचार्य बने। श्री महाराज महंत मिथिला शरण जी की 34 वीं व द्वितीय आचार्य महंत किशोरी शरण जी महाराज की 25 वीं पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अयोध्या के संतो ने पूर्वाचार्यो को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर वर्तमान पीठाधीश्वर महंत करुणानिधान शरण जी महाराज ने बताया की गुरुदेव भगवान में तपस्या के साथ–साथ त्याग की भावना थी और सेवा को ही अपना सर्वस्व मानते थे और सभी को सेवा की ही प्रेरणा देते थे श्री महाराज जी बताते थे कि सेवा से ही सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि श्री गुरुदेव भगवान मिथिला शरण जी महाराज में त्याग की भावना कूट–कूट कर भरी थी और जैसे ही शरीर अस्वस्थ हुआ श्री महाराज जी ने अपना सारा दायित्व और भार अपने शिष्य आचार्य महंत किशोरी शरण जी महाराज को सौंप दी और श्री महाराज जी गुरुदेव की हर आज्ञा को मान करके आश्रम में सेवा का प्रकल्प ऐसा चलाया जो वर्तमान समय में भी सभी के संस्मरण में विराजमान है। श्री महाराज जी ने बताया कि दोनों गुरुदेव भगवान की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और सभी संतो महंतों ने श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रहलाद दास महाराज ने संतों का सम्मान किया।

आज दो घंटे रामनगरी में बिताएंगे पीएम मोदी, रामलला के दर्शन के बाद करेंगे रोड शो

संवाददाता–अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो घंटे राम की नगरी में बिताएंगे। यहां आने के बाद रामलला के दरबार में 15 मिनट तक रहेंगे। जन्मभूमि में आराध्य के दर्शन–पूजन के बाद रोड शो शुरू करेंगे। पीएम के आगमन के मद्देजनर हवाई अड्डे से बाहर निकलने के बाद सुल्तानपुर–अयोध्या और लखनऊ–गोरखपुर हाईवे के दोनों किनारों को अयोध्या धाम तक बैरिकेडिंग से जकड़ा जा रहा है।

पीएम मोदी पांच मई को शाम 5:35 बजे सीतापुर के धौरहरा हेलीपैड से एमआई–17 हेलीकॉप्टर से चलकर 6:40 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से शाम 6:45 बजे सड़क मार्ग से चलकर सात बजे राम जन्मभूमि पहुंचेंगे। शाम सात से 7:15 बजे तक रामलला के दरबार में रहेंगे। यहां पर दर्शन–पूजन करने के बाद शाम 7:15 बजे से राम जन्मभूमि पथ के पास सुग्रीव किला से रोड शो शुरू करेंगे। यहां से लता मंगेशकर चौक तक की दो किमी की दूरी एक घंटे में तय करेंगे। लता चौक पर रोड शो खत्म करने के बाद शाम 8:20 बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। यहां से रात 8:40 बजे भारतीय वायुसेना के बीबीजे एयरक्रॉफ्ट से ओड़ीसा के भुवनेश्वर के लिए रवाना हो जाएंगे।

पीएम मोदी का काफिला एयरपोर्ट से बाहर निकलकर सुलतानपुर हाईवे से नाका नवीन मंडी चौराहे से होते हुए गोरखपुर हाईवे की ओर बढ़ेगा। हाईवे से महोबरा मार्ग पर चूड़ामणि चौराहा होते हुए टेढ़ी बाजार चौराहा आकर राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 से प्रवेश करेंगे। हाईवे से जन्मभूमि गेट तक इस पूरे मार्ग पर बांस–बल्ली की बैरिकेडिंग की जा रही है। एंटी स्मॉग गन की मदद से रास्ते के ओवरब्रिज और अन्य स्थानों को धूल रहित किया जा रहा है। सड़क और डिवाइडर पानी से धोकर चमकाए जा रहे हैं।

पीएम मोदी रामजन्मभूमि पथ से निकलकर रामपथ पर लता चौक तक रोड शो करेंगे। यहां रामपथ की दोनों लेन पर स्थायी रेलिंग पहले से लगी हुई है। सुरक्षा को और पुख्ता करने के साथ रोड शो के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थायी रेलिंग के आगे अस्थायी लोहे की रेलिंग भी लगाई जा रही है। इसके अलावा दाहिनी लेन पर जन्मभूमि पथ से लता चौक तक डिवाइडर के पास लोहे की अतिरिक्त रेलिंग लगाई जा रही है। लोगों के लिए पूरे रास्ते में ब्लॉक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए छोटे स्टेज भी बन रहे हैं।

सांसद प्रवीण निषाद ने किया नामांकन

संवाददाता–संतकबीरनगर। कलक्ट्रेट के डीएम कोर्ट में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के समक्ष तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लिया। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद दिन में 12.30 बजे नामांकन के लिए गाड़ियों के काफिले के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस लाइन के पास बने बैरियर के पास वाहनों को रोक दिया गया। प्रवीण निषाद के साथ सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, हनघटा विधायक गणेश चौहान, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी भी मौजूद रहे। प्रवीण निषाद ने तीन सेट में नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही बुद्धजन मुक्ति पार्टी से प्रत्याशी आनन्द कुमार गौतम, प्रगतिशील समाज पार्टी से धीरज श्रीवास्तव, अल–हिन्द पार्टी से प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, सर्वजन आवाज पार्टी से राजेन्द्र यादव, निर्दल प्रत्याशी रमाकान्त, निर्दल राम कृष्ण द्विवेदी, निर्दल रविंद्र नाथ पाण्डेय, निर्दल हरिशचन्द्र निषाद, निर्दल अरविन्द्र, निर्दल अश्विनी कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही अखिल भारतीय महापरिषद से सुभाष चन्द्र दूबे ने दो सेटों में नामांकन पत्र लिया। डीएम महेंद्र सिंह तंवर के समक्ष सभी प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि भाजपा समेत कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। पांच मई को रविवार होने के चलते नामांकन का कार्य नहीं होगा। अब छह मई को नामांकन का कार्य संपादित किया जाएगा।

शिखा दुबे हत्याकांडः मारकर जीने की कातिल हसरत ने बना दिया हत्यारोपी,न प्यार मिला न प्रेमी, गवाही से तय होगी सजा

संवाददाता–गोरखपुर। शिखा दुबे हत्याकांड का मामला न्यायालय में अंतिम दौर में चल रहा है। इस मामले में एक युवती पूजा की हत्या कर उसे शिखा साबित करने की कोशिश की गई थी। आरोप, शिखा और उसके दीपू प्रेमी पर है। अब पूजा का परिवार, आरोपियों को सजा दिलाने के लिए केस लड़ रहा है। इस केस में 10 गवाह हैं, जिसमें से छह की गवाही पूरी हो चुकी है। जांच प्रक्रिया में शामिल रहे कुछ पुलिस कर्मी, जो अब रिटायर हो चुके हैं, 16 मई को उनकी गवाही होनी है, जिसके बाद आरोपियों की सजा तय हो सकती है। घटना 11 जून 2011 की है। सिंघड़िया में एक युवती की लाश मिली थी। उसकी कद–काठी और उम्र से पता चला कि वह इंजीनियरिंग कॉलेज के कमलेशपुरम कॉलोनी इलाके से गायब युवती शिखा दुबे है। उसके पिता को बुलाया गया।

रिश्तेदार भी जुटे, सबने माना लाश शिखा की ही है। इस दौरान पिता रामप्रकाश दुबे ने पड़ोसी दीपू पर हत्या की आशंका जताई और केस दर्ज करा दिया। यहां मिली महिला की लाश को अपनी बेटी का समझ कर उसके पिता ने अंतिम संस्कार भी किया। पुलिस जांच करने पहुंची तो पता चला कि दीपू भी घर से लापता है। जांच के दौरान पुलिस को खबर मिली कि आरोपी दीपू, सोनभद्र में है। सोनभद्र पहुंची पुलिस टीम तब हैरान रह गई, जब वहां केवल दीपू ही नहीं, शिखा भी मौजूद मिली। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर गोरखपुर ले आई। यहां आने के बाद शिखा ने हकीकत बताई। शिखा ने बताया कि उसे पड़ोसी दीपू यादव से प्यार हो गया था। दोनों को पता था कि उनके घरवाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं होंगे। ऐसे में दोनों ने घर से भागने और परिजनों से पीछा छुड़ाने के लिए एक खतरनाक साजिश रची। दोनों ने तय किया कि शिखा की कद काठी की किसी महिला की हत्या कर उसे शिखा की पहचान दे दी जाए।

हत्या की इस साजिश में दीपू का दोस्त सुग्रीव भी शामिल था, जो एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी था। उसका अक्सर सोनभद्र जाना होता था। वहां वह एक ऐसी लड़की को जानता था, जो कद–काठी में शिखा से बहुत मिलती थी। उसका नाम पूजा (25) था। पूजा तीन बच्चों की मां थी। दीपू और सुग्रीव उसे गोरखपुर में तीन हजार रुपये की नौकरी दिलाने के बहाने ले आए। सुग्रीव 10 जून की रात में पूजा को ट्रक से कुनराघाट लाया और उधर, शिखा दीपू के साथ घर से भागकर कुसम्ही जंगल पहुंच गई। जंगल में ट्रक में सवार पूजा को शिखा ने वह कपड़े पहना दिए, जिन्हें पहनकर वह घर से निकली थी। इतना ही नहीं, उसके गले में एक धागा डाला गया, जो शिखा हमेशा पहनती थी। इसके बाद ट्रक में ही पूजा की हत्या कर दी गई। इस हत्या का आरोपी बनाते हुए पुलिस ने शिखा और दीपू को जेल भिजवा दिया, बाद में दोनों जमानत पर रिहा हो गए। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने अलग–अलग शादी करके अपनी अलग दुनिया बसा ली। फिलहाल सिविल कोर्ट में अब केस आखिरी दौर में चल रहा है।

ट्रांसफारमर बदलने के लिये ग्रामीणों ने किया हंगामा

–भारतीय बस्ती संवाददाता

विक्रमजोत (बस्ती)। विद्युत उपकेंद्र 33ध्11 विक्रमजोत के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पैकोलिया के दुधौरा पूरे कुंवर गांव में चार दिन पहले जले ट्रांसफार्मर के शिकायत के बाद भी न बदलने पर नाराज सैकड़ों उपभोक्ताओं ने शनिवार को फूलडीह पहुंच कर विद्युत उपकेंद्र पर हंगामा मचा दिया जिसके चलते तुरंत हरकत में आये जिम्मेदारों ने गांव में खराब ट्रांसफार्मर बदलावाने के लिये कार्यवाही शुरू की तब जाकर ग्रामीण माने।

गांव निवासी दिलीप सिंह, अभिषेक सिंह, अविनाश सिंह, गौरव, राजेश शर्मा, राधेश्याम, विशाल शर्मा, शहजाद अली, अर्पित, सूरज सहित पहुंचे लोगो ने ट्रांसफार्मर के बदलने में देरी व आईजीआरस पर मामले के निस्तारण को लेकर हंगामा करने लगे। ग्रामीणों की नाराजगी देख कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया जिसपर निर्देश मिलते ही कर्मी ट्रांसफार्मर को लगाने की कार्यवाही में जुट गये तब कहीं जा कर शांत हुये।इस सम्बन्ध में बात करने पर एसडीओ विक्रमजोत राम बहादुर यादव ने बताया कि दो घण्टे के भीतर गांव में ट्रांसफार्मर के बदलने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।वहीं मामले में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी।

कुआनों नदी से बरामद हुआ 12वीं के छात्र का शव



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

लालगंज (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के हाथियाव खुर्द गांव में अपने मौसी के घर 12वीं का छात्र शंखदीप 1 मई दिन मे 10बजे आया था। 2मई को वह भोजन करके सो गया 3 मई को भोर में 5बजे वह अपने बिस्तर पर नही था उसके मौसी के घर वाले खोजबीन करने लगे जब कही से जानकारी नहीं मिला। तब थक हार कर लालगंज पुलिस को इसकी सूचना दी । 4 दिन बाद शनिवार को सायं 4.30 बजे लालगंज बाजार के कुआनो नदी घाट के पास चरवाहों ने लाश देखी और लालगंज पुलिस को इसकी सूचना दी । सूचना मिलते ही लालगंज चौकी प्रभारी राम भवन प्रजापति अवनीश सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। शव की पहचान ग्राम गोविंद पुर थाना मुंडेरवा निवासी शंखदीप पुत्र राम जियावन के रूप में हुई है। शंखदीप हथियाव खुर्द अपने मौसी के घर आया था । परिजनों ने बताया की संखदीप 12वीं का छात्र था और इस बार वह परीक्षा में फेल हो गया तब से गुमसुम रहा करता था । इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इस पर संशय बना हुआ है । शव मिलने की सूचना मिलते ही लालगंज थाना प्रभारी सुनील गौड़ मौके ने पर पहुंचकर शव का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये।

पुलिस मुठभेड़ मे युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी के पैर में लगी गोली

संवाददाता–गोरखपुर। सहजनवा इलाके में युवती से दुष्कर्म के आरोपी ताहिर अली को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा लिया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। आरोपी खलीलाबाद का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। पीड़ित द्वारा पुलिस को दो आरोपियों की पहचान बताई गई थी। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का दो तमंचा 3 खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अब इस आरोपी के जारिए दूसरे अज्ञात आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। मुखबिर खास की सूचना पर सहजनवां थाने और एसओजी की टीम ने इलाके में घेराबंदी की थी।

पहचान होने और रोकने पर आरोपी की तरफ से गोली चला दी गई। जवाबी कार्रवाई में एसओजी प्रभारी मनीष यादव की गोली आरोपी के पैर में जा लगी। इस दौरान एसओजी के उपनिरीक्षक राजमंगल सिंह, घनश्याम उपाध्याय, पंकज सिंह, करुणा पति त्रिपाठी, राम इकबाल राव, गोविंद यादव, उदय प्रताप सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

सहजनवां इलाके में कल यानी शुक्रवार को आजमगढ़ की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। क्षेत्र के रानूखोर गांव आमी नदी के किनारे आजमगढ़ जिले की युवती जो घर से नाराज होकर निकली थी, उसकी मदद के बहाने युवक ने घटना को अंजाम दिया था। शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे गांव में जाकर युवती ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिजनों को जानकारी दी थी। युवती के चेहरे व शरीर पर चोट लगने के कारण उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया था। पुलिस पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी की पहचान करने में जुटी गई थी। भोर में युवती गांव में पहुंची थी। वहां घरों का दरवाजा पीटने लगी थी। जब घर से बाहर लोग निकले तब युवती निर्वस्त्र थी। उसके चेहरे व शरीर पर खरोच के निशान थे। लोगों ने युवती को कपड़े दिए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस व युवती द्वारा बताए गये परिजनों के नंबर पर सूचना दी थी।

अदालती नोटिस

विपक्षी व्यक्ति के नाम नोटिस
(धारा–63 अनुसूची–5 प्रपत्र सं0–1)
न्यायालय– श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 32/11A/2020
थाना–वाल्टरगंज
जिला–बस्ती

श्रीमती हमीदुन्निशा
बनाम
मोहम्मद जमाल

तारीख पेशी 05–06–2024
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 द0प्र0सं0

विपक्षी–मोहम्मद जमाल उम्र लगभग 53 वर्ष पुत्र मुजीबुल्लाह निवासी ग्राम रामपुर मुड़री थाना सोनहा जिला बस्ती

विपक्षी

के नाम

चूंकि आपकी उपस्थिति 125 सी. आर.पी.सी. के अपराध का उत्तर देने के लिए आवश्यक है अतएव आपको एतत द्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वयं/अधिवक्ता द्वारा उपयुक्त न्यायालय के समक्ष सन् 2024 ई0 के 06 मास के 05 दिवस को उपस्थित हो। ऐसा करने में त्रुटि न हो।

सन् 20 ई0 मास के दिवस को हस्ताक्षरित हो।

हस्ताक्षर
अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती

अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 312/2009

उमाधर आदि
बनाम
रामहित आदि

1/1 रामसजीवन उम्र 28 वर्ष पुत्र रामहित 1/2 केवलपति उम्र 60 वर्ष पत्नी रामहित साकिनान हथिया दूबे तप्पा पिपरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 03–07–2024

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 03 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत
इत्तिला तारीख मुकर्रर्रह समायत अपील
वाद सं0 C 202217000000038
अदालत–श्रीमान अपर आयुक्त (प्रशासन) बस्ती जिला–बस्ती

चित्रसेन सिंह
बनाम
बलराम शंकर आदि

1. बलराम शंकर 2. जय शंकर 3. विजय शंकर पुत्रगण रमाशंकर 4. श्रीमती शान्ती देवी पत्नी रमाशंकर साकिनान मौजा मुड़ियार तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती 5. भूप्र0प्र0स0 मुड़ियार द्वारा अध्यक्ष ग्राम पंचायत मुड़ियार तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती

तारीख पेशी 17–05–2024

अपील बनराजी अदालत मुकाम बस्ती
मयरिखा महीना सन् 20 ई0
रेस्पान्डेन्टस

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 17 महीना 05 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 02 माह 05 सन 2024 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

सैयद आबिद हुसैन पी क्लब ग्लोबल इंडियन अवार्ड से हुए सम्मानित

संवाददाता–अम्बेडकरनगर। विदेश में फंसे बेगुनाह प्रवासी भारतीयों की मदद एवं वतन वापसी का काम करने वाले सैयद आबिद हुसैन को पी–क्लब ग्लोबल इंडियन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। मुम्बई पी–क्लब एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होने पर जिले के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। पी–क्लब ग्लोबल इंडियन अवार्ड का भव्य आयोजन मुम्बई के मीरा रोड के लता मंगेशकर सभागार में हुआ था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर गौतम गांगुली, शाहिदा पी गांगुली, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस कैप्टन डॉ एडी मानेक, फिल्म एक्टर टीनू वर्मा एवं प्राइड ऑफ महाराष्ट्र किथ गौरव अवॉर्ड के डॉयरेक्टर विष्णु मिश्रा ने सैयद आबिद हुसैन को उनके बेहतर उत्कृष्ठ और सामाजिक कार्य के लिए सम्मान दिया। आबिद हुसैन विदेश में फंसे बेगुनाह प्रवासी भारतीयों की मदद एवं वतन वापसी का काम करते है।

अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत
इत्तिला तारीख मुकर्रर्रह समायत अपील
वाद सं0 C 201617000000053
अदालत–श्रीमान अपर आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती जिला–बस्ती

बदरे आलम आदि
बनाम
सुखदेव आदि

1. सुखेदव प्रसाद पुत्र रामदयाल 2. गोपाल कृष्ण व शीकर पुत्र रामनरायन साकिनान बांसी तप्पा कुदारन परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला सिद्धार्थनगर 3. रूस्तम अली पुत्र अकबर अली साकिन माली मैनहा तप्पा हल्लौर परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर 4. समसुद्दीन पुत्र सफीउल्लाह साकिन बसडिलिया तप्पा हल्लौर परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर 5. रामलौट वर्मा पुत्र सुखई साकिन हटवा बुजुर्ग तप्पा भानपुर परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला–सिद्धार्थनगर

तारीख पेशी 14–05–2024

अपील बनराजी अदालत मुकाम बस्ती
मयरिखा महीना सन् 20 ई0
रेस्पान्डेन्टस

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 15 महीना 05 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 04 माह 05 सन 2024 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

एम्स व एयरफोर्स कैम्पस के कचरे का प्रबंधन करेगा नगर निगम

संवाददाता–गोरखपुर। नगर निगम ने एयरफोर्स और एम्स कैम्पस से कचरा निस्तारण करने वाली अधिकृत फर्मों के साथ शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किया। अनुबंध के मुताबिक फर्मों को स्रोत पर कचरे को गीला, सूखा, घरेलू , खतरनाक, सीएण्डडी वेस्ट और ई–वेस्ट के रुप में अलग कर निर्धारित स्थान पर नगर निगम को उपलब्ध कराना होगा। नगर निगम संग्रहण और परिवहन के लिए वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

उप नगर आयुक्त मणि भूषण तिवारी ने बताया कि इसके लिए हर माह एयरफोर्स कैम्पस की फर्म 48975 रुपये और एम्स कैम्पस की फर्म 62400 रुपये निगम को प्रदान करेगी। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से अपील की है कि अपने परिसर का कचरा या तो परिसर मे ही स्वतः निस्तारित कर ले। अन्यथा नगर निगम से समन्वय बना निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन अनुबन्ध कराएं।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 1352/2020
अदालत–श्रीमान षष्टम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

श्रीमती लीलावती
बनाम
ग्राम पंचायत तिलकपुर आदि

1. ग्राम पंचायत तिलकपुर जरिये ग्राम प्रधान तिलकपुर तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 2. सरकार उ0प्र0 बजरिये कलेक्टर बस्ती

तारीख पेशी 31–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 31 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 243/2023
अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

बदरूद्दीन
बनाम
शमसुद्दीन आदि

1. शमसुद्दीन उम्र लगभग 36 साल पुत्र अकबर अली 2. राशिल अली उम्र लगभग 25 साल पुत्र वसीउद्दीन साकिनान कोड़र तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती

तारीख पेशी 21–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 21 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

विदेश भेजने के नाम पर 1.60 लाख की जालसाजी

संवाददाता–गोरखपुर। झंगहा क्षेत्र के मोतीराम अड्डा में विदेश भेजने का झांसा देकर मजदूर से 1.60 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया गया है। एसएसपी के निर्देश पर चार आरोपियों पर केस दर्ज कर झंगहा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में स्थित वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के वार्ड 11, ग्राम पंचायत चंपापुर गोनौली मलकौनी निवासी जगमोहन ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि यूट्यूब के जरिए झंगहा थानाक्षेत्र के मोतीराम अड्डा में स्थित आरबीएस ट्रेनिंग एवं टेस्ट सेंटर में एजेंट से मुलाकात हुई। एजेंट देवरिया जिले के एकौना क्षेत्र में स्थित तिघरा खैरवा निवासी विजेंद्र सिंह ने विदेश भेजने के लिए 30 सितंबर, 2023 को 1.60 लाख रुपये नकद लिया। एजेंट ने फर्जी वीजा दे दिया।

पीड़ित ने फर्जी वीजा की शिकायत एजेंट व उसके कर्मचारियों से मोतीराम अड्डा स्थित कार्यालय पर जाकर कई बार की। एजेंट व कर्मचारी पीड़ित को रुपए वापस लौटाने का आश्वासन देते रहे। पीड़ित जगमोहन शाह ने झंगहा पुलिस को कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी के आदेश पर झंगहा पुलिस ने आरबीएस ट्रेनिंग व टेस्ट सेन्टर मोतीराम अड्डा, झंगहा के एजेंट विजेंद्र सिंह व कर्मचारी अरशद, प्रदीप पांडेय व सुनैना कुमारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

दैनिक
भारतीय बस्ती
स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह
संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय–
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय–
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com